an>

Title: Need to procure groundnut under Minimum Support Price in agricultural markets of Bikaner in Rajasthan.

श्री अर्जुन राम मेघवाल (बीकानेर): महोदया, मैं आपके माध्यम से लोक महत्व का एक महत्वपूर्ण विषय उठाना चाह रहा हूँ।...(व्यवधान) मेरे बीकानेर संसदीय क्षेत्र में इस समय कृषि उपज मंडियों में मूँगफली की आवक बहुत तेजी से बढ़ रही है। भारत सरकार की योजना मिनिमम सपोर्ट प्राइस के तहत खरीददारी की व्यवस्था में डिले होने के कारण मूँगफली की फसल के ढेर लग रहे हैं तथा मंडियों के आस-पास रहने वाले व्यवसायियों को भी ट्रैफिक जाम के कारण बहुत सी मुसीबतों का सामना करना पड़ रहा है। जो किसान ग्रामीण क्षेत्र से मूँगफली लेकर मंडी में आते हैं, उनको भी समुचित बोली की व्यवस्था नहीं होने के कारण एक या दो दिन मंडी के आस-पास सड़क पर भी रुकना पड़ता है जिससे किसानों को आर्थिक नुकसान के साथ-साथ अन्य परेशानियों का भी सामना करना पड़ता है। शहर के अन्य नागरिकों को भी ट्रैफिक जाम के कारण मुसीबतों का सामना करना पड़ता है। मूँगफली की आवक ज़्यादा होने के कारण मूँगफली की फसल मिनिमम सपोर्ट प्राइस से नीचे बिक रही है जिससे किसानों को नुकसान उठाना पड़ रहा है। मेरी आपके माध्यम से भारत सरकार के कृषि मंत्री से मांग है कि बीकानेर की कृषि मंडियों में मूँगफली की फसल की आवक को देखते हुए अतिशीघ्र मिनिमम सपोर्ट प्राइस के तहत खरीददारी करने के निर्देश जारी करें तथा बजट की व्यवस्था भी उपलब्ध कराएँ जिससे राज्य सरकार सरकारी खरीद के लिए आवश्यक प्रबंध कर सके। आपने मुझे बोलने का अवसर दिया, इसके लिए बहुत-बहुत धन्यवाद। ...(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष :

श्री शिव कुमार उदासि,

श्री ए.टी.नाना पाटील एवं

श्रीमती ज्योति धुर्वे को श्री अर्जुन राम मेघवाल द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।